पत्रांक–07 / वि.7–69 / 2016 2151

झारखण्ड, सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

आभा कुसुम तिरकी
उप निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
झारखंड, रांची।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 11-11-2016

विषय :– स्कूली छात्र/छात्राओं के खेल प्रतिभा के पोषण (Nurture) संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि स्कूल स्पोर्टस प्रोमोसन फाउन्डेशन (SSPF) एवं स्पोर्टस ओर्थरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा छात्र/छात्राओं के खेल प्रतिभा के पोषण हेतु (Nurture) नेशनल टैलेन्ट – सर्च एण्ड नरर्च (**ATIONAL TALENT-SEARCH & NURTURE [NT-SN]**) कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 10–15 आयु वर्ग के छात्रों के लिए फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, बोलीबॉल, शूटिंग एवं एथेलेटिक टीमों की प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। इसमें निबंधन के लिए (sspf.in) वेबसाईट खोला गया है। सहज प्रसंग हेतु इससे संबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का पत्र दिनांक 23.09.2015 तथा नोडल पदाधिकारी, एस0एस0पी0एफ0 का ई–मेल संवाद साथ में संलग्न है।

अनुरोध है कि उक्त से सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अवगत कराते हुए इस कार्यक्रम में अधिकाधिक छात्र/छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाय तथा इसकी सूचना नोडल पदाधिकारी, एस0एस0पी0एफ0 को ई–मेल पता–**ravishankar.pandip@sspf.in** पर दी जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 11/11/16
(आभा कुसुम तिरकी)
उप निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, रांची।

ज्ञापांक–07/वि.7–69/2016 2151/ रांची, दिनांक–11-11-2016,

प्रतिलिपिः– श्री रवि शंकर पंडित, नोडल पदाधिकारी, एस0एस0पी0एफ0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 11/11/16
(आभा कुसुम तिरकी)
उप निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, रांची।

:/New Folder/Addrean/Letter/Letter Abha Office-1